<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025: अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने इरेडा कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई



नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का उद्‌घाटन किया और इस अवसर पर इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास और केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के मुख्य तकनीकी परीक्षक और मुख्य अतिथि, श्री अशोक कुमार द्वारा कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई । इस वर्ष के आयोजन का विषय "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" है।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, श्री प्रदीप कुमार दास ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी भी संगठन की सतता सुनिश्चित करने और स्वस्थ शिक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सतर्कता एक महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि, "सतर्कता ना केवल अनुशासित तरीके से संस्थागत विकास के लिए जरूरी है , बल्कि मजबूत अर्थव्यवस्था बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है। इरेडा द्वारा आईटी-संचालित प्रणालियों और ऑनलाइन संचालन के माध्यम से पारदर्शिता को लगातार बढ़ाया जा रहा है।"



उन्होंने कर्मचारियों को 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाले सप्ताह भर के कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसमें सत्यनिष्ठा की भावना को सशक्त करने के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार और प्रतियोगिताएं शामिल होंगी।

अपने संदेश में, श्री अशोक कुमार ने समावेशी विकास के प्रति इरेडा की प्रतिबद्धता की सराहना की और दोहराया कि सतर्कता सभी की साझा जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर, इरेडा की आंतरिक सतर्कता पत्रिका 'पहल' के नवीनतम संस्करण का विमोचन इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास; सीवीसी के केंद्रीय तकनीकी शिक्षा निदेशक, श्री अशोक कुमार; इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती; और इरेडा के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार साहनी के द्वारा किया गया। इरेडा के कर्मचारीगण वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए और अन्य कार्यालयों से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।